# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

# Ch. Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : पी0ए0/2142
दिनांक : 25.11.2019

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या/सचिव/निदेशक
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान
चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

**विषय :– दिनांक 26.11.2019 (संविधान दिवस) से बाबा साहेब डा0 भीमराव अम्बेडकर जयन्ती दिनांक 14.04.2020 (समरसता दिवस) के मध्य आयोजित होने वाले कार्यक्रम की रूप–रेखा।**

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक अपने पत्रांक संख्या 2806/सत्तर–3–2019–08(40)/2019 दिनांक 22 नवम्बर, 2019 (छायाप्रति संलग्न) का संदर्भ ग्रहण करें।

उक्त के सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निर्देश हुआ है कि संविधान की 70वीं वर्षगाठ के अवसर पर संविधान की उद्देशियका में अन्तर्निहित तथ्यों एवं संवैधानिक मूल कर्त्तव्यों के सम्बन्ध में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर जी के सिद्धान्तों को जन–जन तक पहुँचाने के लिए दिनांक 26.11.2019 से प्रारम्भ करते हुए दिनांक 29.02.2020 के मध्य राष्ट्रव्यापी जागरूकता अभियान महाविद्यालयों/संस्थानों में निम्नलिखित कार्यक्रम अनुसार आयोजित कराना सुनिश्चित करें।

अतः शासन के उक्त आदेशों का कड़ाई से पालन करना सुनिश्चित करें।

**संलग्नक : यथोपरि।**

भवदीय,

कुलसचिव

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–**

01 वैयक्तिक सहायक–कुलपति को मा0 कुलपत जी के अवलोकनार्थ।
02 वैयक्तिक सहायक प्रति–कुलपति को प्रति–कुलपति जी के सूचनार्थ।
03 प्रो0 विघ्नेश त्यागी, समन्वयक, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक परिषद, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
04 समस्त विभागध्यक्षों/विभागाधिकारियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
05 विश्वविद्यालय, प्रेस प्रवक्ता।
06 प्रभारी, विश्वविद्यालय वेबसाइट।

कुलसचिव

शीर्ष प्राथमिकता/समयबद्ध
संख्या-: 2806/सत्तर-3-2019-08(40)/201

प्रेषक,

मनोज कुमार,
विशेष सचिव
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

1. कुलसचिव,
समस्त राज्य विश्वविद्यालय
उत्तर प्रदेश।

2. निदेशक,
उच्च शिक्षा, उ0प्र0,
प्रयागराज।

3. समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी
उत्तर प्रदेश।

Gr 582
23/11/19

उच्च शिक्षा अनुभाग-3 लखनऊ : दिनांक 22 नवम्बर, 2019

विषयः- दिनांक 26.11.2019 (संविधान दिवस) से बाबा साहेब डा0 भीमराव अम्बेडकर जयन्ती दिनांक 14.0 2020 (समरसता दिवस) के मध्य आयोजित होने वाले कार्यक्रम की रूप-रेखा।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि संविधान की 70वीं वर्षगांठ के अवसर पर संविधा की उद्देशिका में अन्तर्निहित तथ्यों एवं संवैधानिक मूल कर्तव्यों के सम्बन्ध में डा0 बी0 आर0 अम्बेडकर सिद्वान्तों को जन-जन तक पहुँचाने के लिए दिनांक 26.11.2019 से प्रारम्भ करते हुए दिनांक 29.02.2020 मध्य राष्ट्रव्यापी जागरूकता अभियान राज्य के विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों में निम्नलिखित कार्यक्रम के अनुसा आयोजित किए जायेंगे :-

1

दिनांक 26.11.2019 - 30.11.2019

**संविधान दिवस के अवसर पर विश्वविद्यालयों/ महाविद्यालयों में छात्र/ छात्राओं को शपथ दिलाना एवं प्रभात फेरी का आयोजन। स की प्रस्तावना/मौलिक कर्तव्यों के सम्बन्ध में छात्रों को जागरूक करने हेतु संगोष्ठी का आयोजन एवं उनकी प्रतियों का वितरण।**

(1) 26.11.2019 (1) संविधान दिवस के अवसर पर मा0 प्रधानमंत्री जी द्वारा शपथ दिलायी जायेगी तथा संसद के सेण्ट्रल हॉल में ह का सजीव प्रसारण विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों में प्रसारित किया जायेगा। विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों में भी छात्रों को संविधान की शपथ दिलायी जायगी।

(2) सभी राज्य विश्वविद्यालय/महाविद्यालय में निबन्ध, वाद-विवाद, प्रश्नोत्तरी तथा पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा जिसका मुख्य विषय मौलिक कर्तव्यों पर केन्द्रित होगा।

(3) प्रतिष्ठित नागरिकों और कानूनी जानकारों द्वारा कार्यशाला एवं संगोष्ठी का आयोजन किया जायेगा।

(4) विद्यार्थियों को न्यायालय व सरकारी कार्यालयों का भ्रमण कराया जायेगा।

(5) संविधान या इससे विभिन्न प्रावधानों तथा इस तरह अन्य सामग्री को अभियान के हिस्से के रूप में उपलब्ध कराने वाली फिल्मों/वृत्तचित्रों की स्क्रीनिंग की व्यवस्था करायी जाय।

(2) 27.11.2019 -- स्लोगन चार्ट/नारों के साथ प्रभात फेरी का आयोजन, प्रातः 08.00 बजे (महाविद्यालयों/विश्वविद्यालयों द्वारा)

(3) 28.11.2019 - संविधान की प्रस्तावना में निहित आशय कि संविधान के अधिकार का स्रोत भारत के लोगों के पास निहित है। अर्थ पर शिक्षकों द्वारा छात्र/छात्राओं के साथ विचार-विमर्श।

(4) 29.11.2019 - संविधान की प्रस्तावना में की गयी घोषणा कि भारत एक समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक और गणतंत्र राष्ट्र शिक्षकों द्वारा छात्र/छात्राओं के साथ विचार-विमर्श।

(5) 30.11.2019 - संविधान की प्रस्तावना में निहित भावना कि न्याय, स्वतंत्रता, समानता का संविधान सुरक्षित करता है तथा एकता और अखण्डता को बनाए रखने के लिए भाईचारे को बढ़ावा देता है, के गहन अर्थ पर शिक्षकों द्वारा छात्र/ के साथ विचार-विमर्श, राजनीति विज्ञान विभाग के प्राध्यापकों को आमंत्रित करते हुए आयोजन किया जायेगा।

2

दिनांक 02.12.2019 - 08.12.2019

डा0 राजेन्द्र प्रसाद जयन्ती के अवसर पर उनके कृतित्व एवं योगदान पर चर्चा।
संविधान के मौलिक कर्तव्यों के विभिन्न विषयों यथा :-

राष्ट्र ध्वज एवं राष्ट्रगान का सम्मान। भारतीय संविधान की रूप रेखा एवं उसका सम्मान। भारतीय एकता एवं अखण्डता का एवं उसको अक्षुण बनाये रखने हेतु जागरूक करना। स्वतंत्रता संग्राम व स्वतंत्रता सेनानियों के प्रति श्रद्धा एवं सम्मान।

(1) 02.12.2019 – संविधान की प्रस्तावना एवं उनके गहन अर्थों पर प्रातः 10:00 बजे से 12:00 बजे के मध्य शिक्षकों द्वारा छात्र/छात्रा साथ विचार–विमर्श।

(2) 03.12.2019 – भारत के प्रथम राष्ट्रपति डा0 राजेन्द्र प्रसाद की जयन्ती के अवसर पर प्रातः 09:00 बजे से 10:00 बजे तक उनके पर माल्यार्पण कार्यक्रम (महाविद्यालय/विश्वविद्यालय) द्वारा आयोजित किया जायेगा।

(3) 04.12.2019 – संविधान की प्रस्तावना में समाजवादी शब्द का निहितार्थ पर चर्चा।

(5) 05.12.2019 – धर्मनिरपेक्ष शब्द पर चर्चा।

(6) 06.12.2019 – लोकतांत्रिक शब्द पर संविधान की प्रस्तावना के परिप्रेक्ष्य में प्रातः 10:00 बजे से 12:30 बजे के मध्य विस्तृत चर्चा क जाय।

(7) 07.12.2019 – संविधान की प्रस्तावना में निहित शब्दों का निहितार्थ हिन्दी विभाग द्वारा प्रातः 10:00 बजे से 12:00 बजे के मध्य छा छात्राओं को बताया जायेगा।

3 **दिनांक 09.12.2019 – 15.12.2019**

**संविधान/मौलिक कर्तव्यों के विभिन्न प्राविधानों यथा – देश की रक्षा हेतु आवाहन किए जाने पर राष्ट्र सेवा करना। वन्य जीव ए उनका संरक्षण। सार्वजनिक सम्पत्ति की सुरक्षा। शिक्षा का अधिकार अधिनियम के मुख्य प्राविधान। पर वाद–विवाद प्रतियोगिता का आयोजन।**

(1) 09.12.2019 – देश की रक्षा हेतु आवाहन किए जाने पर राष्ट्र सेवा करने हेतु प्रातः 10:00 बजे से 12:00 बजे तक [illegible] एन0सी0सी0 एवं स्थानीय नागरिक सुरक्षा इकाइयों की सहायता से [illegible] ड्रिल इत्यादि का प्रशि विद्यार्थियों को दिया जाय। (महाविद्यालय/विश्वविद्यालय)।

(2) 10.12.2019 – वन्य जीव एवं उनका संरक्षण। वाद–विवाद प्रतियोगिता का आयोजन। प्रातः 10:00 बजे से 12:00 बजे तक।

(3) 11.12.2019 – सार्वजनिक सम्पत्ति की सुरक्षा हेतु वाद–विवाद प्रतियोगिता। प्रातः 10:00 बजे से 12:00 बजे तक।

(4) 12.12.2019/13.12.2019 – शिक्षा का अधिकार अधिनियम के मुख्य प्राविधान। वाद–विवाद प्रतियोगिता का आयोजन। प्रातः 1[illegible] बजे से 12:00 बजे तक।

4 **दिनांक 16.12.2019 – 22.12.2019**

**संविधान की प्रस्तावना यथा सम्प्रभुता, एकता, अखण्डता समाजवाद, धर्मनिरपेक्ष, प्रजातान्त्रिक गणराज्य, न्याय अवसर की समानता, विश्वबन्धुत्व पर चर्चा।**

(1) 16.12.2019 – संविधान की प्रस्तावना के मूलभाव की व्याख्या पर समूह चर्चा।

(2) 17.12.2019 – संविधान की प्रस्तावना में उल्लिखित शब्द सम्प्रभुता पर समूह चर्चा।

(3) 18.12.2019 – संविधान की प्रस्तावना में उल्लिखित शब्द प्रजातान्त्रिक पर समूह चर्चा।

(4) 19.12.2019 – संविधान की प्रस्तावना में उल्लिखित शब्द गणराज्य पर समूह चर्चा।

(5) 20.12.2019 – संविधान की प्रस्तावना में उल्लिखित शब्द बंधुता पर समूह चर्चा।

(6) 21.12.2019 – संविधान की प्रस्तावना में उल्लिखित शब्द विश्वबन्धुत्व पर समूह चर्चा।

5 **दिनांक 23.12.2019 – 29.12.2019**

चौधरी चरण सिंह जयन्ती/अटल बिहारी बाजपेयी जयन्ती के अवसर पर उनके कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर चर्चा। महान आदर्शों के अनुपालन पर चर्चा।

(1) 23.12.2019/24.12.2019 – स्व0 अटल बिहारी बाजपेई पूर्व प्रधानमंत्री भारत सरकार की जयन्ती के अवसर पर उनके कृतित्व योगदान पर [illegible] समस्त राज्य विश्वविद्यालय तथा प्रधानाचार्य राजकीय/अशासकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालयों द्वारा विशेषज्ञ वक्ताओं को आमंत्रित करते हुए संगोष्ठी आयोजन।

(2) 26.12.2019 – संविधान विषय पर पोस्टर/स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन।

(3) 27.12.2019 – संविधान विषय पर स्लोगन प्रतियोगिता का महाविद्यालय स्तर पर आयोजन किया जायेगा।

(4) 28.12.2019 – संविधान विषय पर निबन्ध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन।

6 **दिनांक 30.12.2019 – 05.01.2019**

**संविधान/मौलिक कर्तव्यों पर संगोष्ठी/सेमिनार का आयोजन।**

(1) 30.12.2019 – प्रत्येक नागरिक का यह कर्तव्य होगा कि वह संविधान का पालन करें और उसके आदर्शों, संस्थाओं, राष्ट्र ध्वज और राष्ट्रगान का आदर करें, के सम्बन्ध में छात्र/छात्राओं में जागरूकता पैदा की जायेगी।

(2) 31.12.2019 – स्वतंत्रता के लिए हमारे राष्ट्रीय आंदोलन को प्रेरित करने वाले उच्च आदर्शों को हृदय में संजोए रखने व उनका पालन करने के सम्बन्ध में छात्र/छात्राओं के मध्य जागरूकता पैदा की जायेगी।

(3) 01.01.2020 – राष्ट्र की प्रभुता, एकता व अखण्डता की रक्षा करने और उसे अक्षुण्ण बनाए रखने के सम्बन्ध में छात्र/छात्राओं मध्य जागरूकता पैदा की जायेगी।

(4) 02.01.2020 – भारत के सभी लोगों में समरसता और सम्मान एवं भ्रातृत्व की भावना का निर्माण करने के सम्बन्ध में जो धर्म, भाषा, प्रदेश या वर्ग भेदभाव पर आधारित न हो के सम्बन्ध में छात्र/छात्राओं के मध्य जागरूकता पैदा की जायेगी।

(5) 03.01.2020 – ऐसी सभी प्रथाओं का त्याग करने जो महिलाओं के सम्मान के विरुद्ध हों के सम्बन्ध में छात्र/छात्राओं में जागरूकता पैदा की जायेगी।

7

दिनांक 06.01.2020 – 12.01.2020

**स्वामी विवेकानन्द जयन्ती के अवसर पर उनके कृतित्व एवं योगदान पर चर्चा। संविधान/मौलिक कर्तव्यों पर विधि विशेषज्ञों का व्याख्यान।**

(1) 06.01.2020 – संविधान ज्ञान प्रतियोगिता का महाविद्यालय स्तर पर आयोजन।

(2) 07.01.2020 – सामासिक संस्कृति की गौरवशाली परम्परा का महत्व एवं उसको परिरक्षण के सम्बन्ध में छात्र/छात्राओं के मध्य जागरूकता पैदा की जायेगी।

(3) 08.01.2020 – प्राकृतिक पर्यावरण जिसके अन्तर्गत वन, झील, नदी, वन्य प्राणी आते है, की रक्षा एवं संवर्धन करने तथा प्राणी मात्र के प्रति दयाभाव रखने के सम्बन्ध में।

(4) 09.01.2020 – वैज्ञानिक दृष्टिकोण, मानववाद व ज्ञानार्जन तथा सुधार की भावना के विकास करने के सम्बन्ध में।

(5) 10.01.2020 – सार्वजनिक सम्पत्ति को सुरक्षित रखने एवं हिंसा से दूर रहने के सम्बन्ध में छात्र/छात्राओं के मध्य जागरूकता पैदा की जायेगी।

(6) 11.01.2020 – विश्वविद्यालय/महाविद्यालय स्तर पर संविधान ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन (क्विज)।

8

दिनांक 13.01.2020 – 19.01.2020

**संविधान/मौलिक कर्तव्यों पर पोस्टर/पेन्टिंग प्रतियोगिता।**

(1) 13.01.2020 – स्वामी विवेकानन्द जी के विचारों पर समूह चर्चा।

(2) 15.01.2020 – संविधान के मौलिक कर्तव्यों पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन।

(3) 16.01.2020 – व्यक्तिगत एवं सामूहिक गतिविधियों के सभी क्षेत्रों में सतत उत्कर्ष की ओर बढ़ने का प्रयास करने जिससे राष्ट्र प्रगति करते हुए प्रयास और उपलब्धि की नई ऊंचाईयों को छूने के सम्बन्ध में।

(4) 17.01.2020 – संविधान की मौलिक भावना को दर्शाने हेतु रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन। महाविद्यालयों के स्तर पर किया जायेगा।

(5) 18.01.2020 – संविधान की मूलभावना को दर्शाते हुए वॉल पेन्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालयों के स्तर पर किया जायेगा।

9

दिनांक 20.01.2020 – 26.01.2020

**देश की एकता अखण्डता एवं अक्षुण्णता की रक्षा हेतु शहीदों की वीरगाथा पर चर्चा।**

(1) 20.01.2020 – देशभक्ति गीत प्रतियोगिताओं का आयोजन महाविद्यालयों के स्तर पर किया जायेगा।

(2) 21.01.2020 – विभिन्न महापुरुषों के विचार एवं उनकी वेशभूषा के साथ सेल्फी प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालय के स्तर पर किया जायेगा।

(3) 22.01.2020 – देश की स्वतंत्रता हेतु शहीदों की वीरगाथाओं पर समूहगत काव्यपाठ।

(4) 23.01.2020 / 24.01.2019 – सुभाष चन्द्र बोस के राष्ट्र भक्ति सम्बन्धी विचारों के प्रचार–प्रसार हेतु किसी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी को महाविद्यालय/विश्वविद्यालय में आमंत्रित करते हुए संगोष्ठी किया जाना।

(5) 25.01.2020 / 26.01.2019 – गणतंत्र दिवस के अवसर पर संविधान के सम्बन्ध में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन तथा अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों, प्रभात फेरी का आयोजन।

10

दिनांक 27.01.2020 – 02.02.2020

**संविधान/मौलिक कर्तव्यों पर संगोष्ठी/सेमिनार तथा नुक्कड़ नाटक का आयोजन।**

(1) 27.01.2020 / 28.01.2020 – "संविधान की रक्षा स्वयं की रक्षा" विषय पर वाद–विवाद प्रतियोगिता महाविद्यालय स्तर पर।

(2) 29.01.2020 – "संविधान की रक्षा स्वयं की रक्षा" विषय पर वाद–विवाद प्रतियोगिता महाविद्यालय स्तर पर।

(4) 30.01.2020 – संविधान में उल्लिखित पर्यावरण संरक्षण के अन्तर्गत–जल संरक्षण एवं संवर्धन आज की आवश्यकता पर निबन्ध लेखन प्रतियोगिता।

(5) 31.01.2020 – संविधान में उल्लिखित पर्यावरण संरक्षण के अन्तर्गत–वन्य जीव संरक्षण आज की आवश्यकता पर लेखन प्रतियोगिता।

(6) 01.02.2020 – संविधान में उल्लिखित पर्यावरण संरक्षण के अन्तर्गत वायु प्रदूषण जो सम्प्रति चिन्ताजनक स्तर पर पहुँच चुका है, के निदान/रोकथाम तथ पर चर्चा।

11

दिनांक 03.02.2020 – 09.02.2020

**संविधान/मौलिक कर्तव्यों से सम्बन्धित पुस्तकों के सम्बन्ध में पुस्तक मेला/ प्रदर्शिनी का आयोजन।**

03.02.2020 से 09.02.2020 तक

भारतीय संविधान पर आधारित/ सम्बन्धित सभी पुस्तकों के प्रचार–प्रसार किया जाने हेतु पुस्तक मेला/प्रदर्शिनी का आयोजन सभी विश्वविद्यालयों/ महाविद्यालयों में किया जायेगा।

12

दिनांक 10.02.2020 – 16.02.2020

**पर्यावरण की रक्षा हेतु वृहद स्तर पर महाविद्यालयों/विश्वविद्यालयों में वृक्षारोपण का आयोजन।**

(1) 10.02.2020 / 11.02.2020 – पर्यावरण की रक्षा हेतु वृहद स्तर पर महाविद्यालयों/विश्वविद्यालयों में वृक्षारोपण किया जायेगा।

(2) 12.02.2020 – संविधान ज्ञान प्रतियोगिता का महाविद्यालय स्तर पर विजयी प्रतिभागियों का विश्वविद्यालय स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन।

(3) 13.02.2020 – संविधान की मौलिक भावना को दर्शाने हेतु रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन विश्वविद्यालयों के स्तर पर किया जायेगा।

(4) 14.02.2020 – संविधान की मूलभावना को दर्शाते हुए महाविद्यालय स्तर पर विजयी छात्रों का वॉल पेन्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन विश्वविद्यालयों के स्तर पर किया जायेगा।

(5) 15.02.2020 – विभिन्न महापुरुषों के विचार एवं उनकी वेशभूषा के साथ सेल्फी प्रतियोगिता का आयोजन विजयी छात्रों के साथ विश्वविद्यालय के स्तर पर किया जायेगा।

P.A. Pardesi

13.

दिनांक 17.02.2020 – 23.02.2020

**संविधान/मौलिक कर्तव्यों पर विश्वविद्यालय/महाविद्यालय स्तर पर क्विज का आयोजन।**

**17.02.2020 से 23.02.2020 तक**

संविधान विषय पर स्लोगन प्रतियोगिता का विश्वविद्यालय स्तर पर महाविद्यालय स्तर पर विजयी छात्रों के साथ आयोजन किया जायेगा।

14.

दिनांक 24.02.2020 – 29.02.2020

**भारत के संविधान के प्रति जागरूकता एवं कर्तव्य बोध पर चर्चा।**

(1) 24.02.2020 / 25.02.2020 – भारत के संविधान के प्रति जागरूकता एवं कर्तव्य बोध पर चर्चा।

(2) 26.02.2020 / 27.02.2019– मौलिक कर्तव्य संख्या–10 पर छात्र/छात्राओं के मध्य जागरूकता पैदा की जायेगी।

(3) 28.02.2020 / 29.02.2020 – देशभक्ति गीत प्रतियोगिताओं का आयोजन महाविद्यालयों के विजयी छात्रों के साथ विश्वविद्यालय स्तर पर किया जायेगा।

2– इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उक्त कार्यक्रम को विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों में तिथिवार कार्यक्रम का आयोजन सुनिश्चित किया जाये तथा उल्लिखित तिथियों पर विश्वविद्यालय/महाविद्यालय में परीक्षा से सम्बन्धित यदि कोई कार्यक्रम है, तो सम्बन्धितों को अवमुक्त रखा जाय।

भवदीय,

( मनोज कुमार )
विशेष सचिव।

**संख्या– (1) /सत्तर–3–2019, तद्दिनांक।**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1– निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।
2– निजी सचिव, सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।
3– संसदीय कार्य अनुभाग–2
4– गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

( हरेन्द्र कुमार सिंह )
अनु सचिव।